**Regarding need to establish a medical college in Central Tribal University in Amarkantak, Madhya Pradesh-Laid**

श्रीमती हिमाद्री सिंह (शहडोल) : मेरे संसदीय क्षेत्र शहडोल मध्य प्रदेश के अंतर्गत जनजातीय सुदूर क्षेत्र, मां नर्मदा की पावन स्थली अमरकंटक में स्थित केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय परिसर में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना अत्यंत आवश्यक है । यह क्षेत्र जनजातीय आबादी का केंद्र है और अब तक स्वास्थ्य सेवाओं एवं उच्च चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है ।

इस जनजातीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के कारण आदिवासी एवं ग्रामीण समुदाय को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । मेडिकल कॉलेज और संबद्ध अस्पताल से जनजातीय और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी एवं माननीय प्रधानमंत्री जी के जनजातीय उन्नयन का स्वप्न भी साकार हो सकेगा

विश्वविद्यालय परिसर में मेडिकल कॉलेज खोलने से स्थानीय युवाओं को रोजगार और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत जनजातीय क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के प्रसार से चिकित्सा शिक्षा का सुनहरा अवसर मिलेगा जिससे जनजातीय समुदाय के विशेष स्वास्थ्य मुद्दों और आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा, इस क्षेत्र की स्वास्थ्य समस्याओं, जैसे कुपोषण, एनीमिया और अन्य संक्रामक रोगो के साथ स्थानीय बीमारियों पर अनुसंधान करने में भी हम पीछे नहीं रहेंगे ।

निश्चित ही यह प्रयास जनजातीय समुदाय क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा और समग्र विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा ।